# खरीदी केंद्रों में किसानों से हो रही लूट का जिम्मेदार कौन ?

**सतना।** धान खरीदी इस समय चरम पर है लेकिन विभाग के अधिकारी अव्यवस्था पर लगाम लगाने में फेल साबित हो रहे हैं। प्रशासन की लाख कोशिश करने के बाद भी खरीदी केंद्रों में किसानों के साथ मनमानी कम नहीं हो रही है। कई केंद्रों में किसानों से अधिक धान भी लिया जा रहा है। धान खरीदी केंद्र में किसानों से 40 किलो प्रति बोरी के बदले साढ़े 41 किलो धान ली जा रही है। किसानों द्वारा अधिक धान लेने की शिकायत पर डीडीए द्वारा कई खरीदी केन्द्र में निरीक्षण किया गया। जहां पर 41 किलो 600 ग्राम तो कई केन्द्र में साढ़े 41 किलो धान किसान से ली गई। डीडीए ने जांच प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर को भेज दिया है। गुरुवार को भी जिले के कई खरीदी केन्द्रों में किसानों से अधिक धान और पैसे लेने की शिकायतें सामने आईं। किसान श्याम अग्रवाल ने बताया कि खरीदी केंद्र में 40 किलो की जगह 42 किलो धान ली गई,और उनसे तुलाई में 25 सौ रुपये लिये गये। अधिक धान तौल के संबंध में कई बार अधिकारियों को शिकायत की गई,लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। उपार्जन केन्द्रों में किसानों से प्रति बोरी धान पर 30-50 रुपये लिये जाते हैं। उचेहरा और मझगवां खरीदी केन्द्र में किसानों ने आरोप लगाये हैं कि सर्वेयर द्वारा पैसा लिया जाता है। किसान के पास सौ बोरी धान है तो उससे चार हजार से 5 हजार तक लेते हैं। जो किसान पैसा नहीं देते उसकी धान की तौलाई नही की जाती है। गत दिवस मझगवां केन्द्र में भी ऐसे मामला सामने आया था। जहां पर किसान ने 5 हजार देने का आरोप लगाया था। इसके बाद भी जिले के खरीदी केन्द्रों में मनमानी कम नहीं होती है।



### तौलाई के लिए लेते हैं पैसे, नहीं करते निरीक्षण

किसान चार माह की मेहनत के बाद धान बेचने उपार्जन केन्द्रों में पहुंच रहें हैं लेकिन यहां भी उनको परेशानी ही उठानी पड़ रही है। कलेक्टर के निर्देश के बाद भी जिम्मेदार खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण नहीं करतें है जिसके कारण किसानों से अधिक धान और पैसे लिये जा रहें हैं। जब कोई किसान इसकी शिकायक करता हैं तो जांच की बात कर खानापूर्ति कर देते हैं।

### गंभीर नहीं हैं डीडीए

उपार्जन केन्द्रों में किसानों के साथ की जा रही लूट को रोकने में नाकाम डीडीए मनोज कश्यप गंभीर नहीं है। एक दिसंबर से शुरू हुई खरीदी के 28 दिन बाद भी व्यवस्थाएं जस की तस बनी हुई है। इन 28 दिनों में महज एक-दो ही दिन डीडीए ने खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया होगा। किसानों की माने तो डीडीए से अगर शिकायत करने फोन लगाते हैं तो पहले तो फोन ही नहीं उठाते,फोन उठाते भी हैं तो जांच का आश्वासन मिलता है।

### ऑपरेटर और सर्वेयर लेते हैं पैसा

उपार्जन केन्द्रों पर सर्वेयर और आपरेटर के द्वारा किसानों से पैसे लेने के आरोप लग रहें है। किसानों की माने तो धान की क्वालिटी के नाम पर सर्वेयर प्रति बोरी के हिसाब से पैसे लेते हैं वहीं आपरेटर भी प्रति बोरी 20-30 रुपये पैसे लेते हैं। जो किसान पैसा नहीं देता उसकी तौल नहीं कराई जाती है।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से चलाए जा रहे मटन, मछली की दुकानों में नियमों का पालन न करने पर काटे गए चालान



**मैहर।** मैहर में अवैध चिकन, मटन और मछली की दुकानों पर प्रशासनिक अमला कार्यवाही करते हुए 500 रुपए का चालान काटा गया। इसके पहले सख्त आदेश दिए गए थे किंतु नियमों का पालन न करने वाले व्यापारियों पर आज पहली बार अधिकारियों के द्वारा 500 रुपए का चालान काटा गया है। वहीं नियमों का पालन करने व्यापारियों पर दूसरी बार में 2000रुपए का चालान काटा जाएगा और तीसरी बार में 5000 रुपए का चालान काटा जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश जाधव, नगर पालिका सीएमओ लालजी ताम्रकार दल बल के साथ रहे।

### प्रिज्म ने जीता 11वां ग्लोबल सेफ्टी समिट पर्यावरण अवार्ड-2023



**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड,सीमेंट डिवीजन सतना को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु 11वां ग्लोबल सेफ्टी समिट पर्यावरण अवार्ड 2023 प्रदान किया गया है। प्रिज्म सीमेंट को यह अवार्ड पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत किये गए कार्यों जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन,ग्रीन एनर्जी को अपनाने एवं बढ़ावा देने के लिए,सघन वृक्षारोपण,कार्बोन फुट प्रिंट रिडक्शन,प्लास्टिक एवं हजारडस वेस्ट मैनेजमेंट, सस्टैनिबिलिटी डेवलपमेंट में किये गए सराहनीय कार्य एवं सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानकों के अनुपालन के लिए प्रदान किया गया है। यह अवार्ड प्रिज्म जॉनसन की ओर से सहायक प्रबंधक सुभाष यादव,शुभम लखेरा व हर्ष गुप्ता ने दिनांक 22 दिसंबर 2023 को सेफ्टी एवं पर्यावरण सम्मलेन नई दिल्ली में प्राप्त किया। प्रिज्म सीमेंट डिवीजन द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले अवार्ड पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक विवेक अग्निहोत्री ने सभी अधिकारियों द्वारा किये गए कार्यों की प्रसंशा की तथा मनीष कुमार सिंह (प्लांट अध्यक्ष एवं तकनीकी प्रमुख) एवं मनीष सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम कॉरपोरेट अफेयर्स सहित कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही भविष्य में भी कंपनी द्वारा पर्यावरण संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रतिबद्धता दोहरायी। उपरोक्त आशय की जानकारी ए.जी.एम. सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## कोठी तिराहा, बस स्टैंड, सिविल लाइन और सब्जी मंडी से फिर हटाया गया अतिक्रमण



**सतना।** नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने ट्राफिक पुलिस के साथ गुरुवार को भी संयुक्त रूप से कोठी तिराहे ,बस स्टैण्ड क्षेत्र, सिविल लाइन तिराहे एवं सब्जी मंडी का अतिक्रमण हटवाया। नगर निगम के दस्ता प्रभारी आरपी परमार के नेतृत्व में अमले ने कोठी तिराहे की सड़क की पटरी पर बैठकर दुकानदारी कर रहे दर्जनों दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश देने के साथ हटाया गया। अतिक्रमण दस्ता प्रभारी ने सड़क पर बैठकर सब्जी,फल आदि सामान बेचने वाले दुकानदारों को कोठी रोड पर बनवाई गयी सब्जी मंडी के अंदर दुकानें लगाने के लिये निर्देशित किया गया।

### जब्ती के साथ होगा जुर्माना

अतिक्रमण दस्ता प्रभारी ने सब्जी-फल विक्रेताओं एवं फुटपाथी दुकानदारों को हिदायत दी कि पुनः सड़क पर दुकानें लगाकर आवागमन को बाधित किये जाने पर सामानों की जब्ती एवं जुर्माना की कार्यवाही की जायेगी।

### ट्राफिक पुलिस ने की कार्यवाही

उधर नगर निगम के अमले के साथ चल रही ट्राफिक पुलिस की टीम ने कोठी मोड़ से सर्किट हाउस तक,सेमरिया रोड से कंवरराम टाकीज तक एवं अन्य स्थानों पर भ्रमण करते हुये दर्जनों वाहनों के दस्तावेजों की जांच की तथा कागजातों की कमी पाये जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। इसके साथ ही ट्राफिक थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट के निर्देश के अनुपालन में शहर के विभिन्न स्थानों पर कार चालकों एवं दो पहिया वाहन चालकों के कागजातों रजिस्ट्रेशन,इंश्योरेंस,टैक्स,लाइसेंस आदि की जांच की गयी,साथ ही सभी वाहन चालकों को हाईकोर्ट के निर्देश का पालन करने को कहा गया।यहां उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रदेश भर में कार चालकों के लिये सीट बेल्ट बांधना एवं मोटर साइकिल,स्कूटी आदि दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगाना अनिवार्य किया गया है। ट्राफिक पुलिस द्वारा हाईकोर्ट के निर्देश के पालन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है,जो आगामी 10 जनवरी 2024 तक चलेगा। इस दरमियान कार चालकों को सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट न लगाने पर समझाइश देने के साथ चालानी कार्यवाही भी की जायेगी। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम से कम करना है।

### ठंड में रात्रि कालीन गश्त प्रभावी बनाने एसपी के निर्देश

## बुधवार और गुरुवार की रात पुलिस अधीक्षक ने किया स्थान का आकस्मिक निरीक्षण





**सतना।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात देर रात शहर के कोलगवां ,सिविल लाइन थानों के साथ नागौद थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दरमियान एसपी श्री गुप्ता ने थाने की व्यवस्थायें, स्टाफ की उपस्थिति एवं थाने के रिकार्ड देखे। एसपी श्री गुप्ता ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि ठंड के मौसम को देखते हुए रात्रि गस्त को और अधिक प्रभावी बनायें। उन्होंने कहा कि इसके लिये सभी आवश्यक कदम उठाये जायें। गस्त प्वाइंट बढ़ाने की जरूरत हो तो प्वाइंट बढ़ायें। यदि गस्ती कर्मचारियों को बढ़ाने की आवश्यकता हो तो कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाये। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानों में पदस्थ स्टाफ के कामकाज के संबंध में जानकारी हासिल की।साथ ही यह भी पूछा कि कितने कर्मचारी अनुपस्थित हैं,और कितने ड्यूटी पर हैं। एसपी ने लॉकप में बंद किये गये लोगों की ठंड से सुरक्षा के लिये कंबल आदि इंतजाम किये जाने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिये। इसके साथ ही समन,वारंटों की तामीली, पेंडिंग अपराधों की निकासी तेज करने के निर्देश भी दिये। कोलगवां एवं सिविल लाइन थाना के निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक के साथ सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान भी थे। जबकि नागौद थाने के निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक के साथ सीएसपी एवं एसडीओपी नागौद भारतेन्दु शर्मा भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक शहरी क्षेत्र के स्थानों का निरीक्षण करने के बाद रात में करीबन 2 बजे नागौद थाना पहुंचे। जहां उन्होंने थाने की सभी व्यवस्थायें देखीं। थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय एवं एसडीओपी से क्षेत्र की क्राइम ग्राफ के बारे में जानकारी हासिल की। यहां भी पुलिस अधीक्षक ने सघन रात्रि गशत करने के निर्देश देते हुये कहा कि गस्ती पर तैनात पुलिस बल पूरी ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करें। रात्रि गस्त का अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जायेगा

## बगदरा घाटी चित्रकूट में काऊ सफारी के रूप में विकसित होगा गौ अभ्यारण्य



**सतना।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चित्रकूट के बगदरा घाटी में गौवंश संरक्षण के लिए काऊ सफारी के रुप में गौ अभयारण्य विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पुराने समय से गौमाता के प्राकृतिक रहवास के रूप में जाना जाता रहा है। इसलिए यहां विचरण करने वाले गौवंशीय पशु स्वस्थ रहते। उन्होंने कहा कि बगदरा घाटी में सड़क के दोनों ओर 20-20 हेक्टेयर क्षेत्र में जंगल क्षेत्र को फेनसिंग कर वन्य प्राणियों से सुरक्षित किया जायेगा।और लगे हुए राजस्व भूमि के 50 एकड़ जमीन पर गौशाला एवं अन्य सुविधाएं विकसित की जायेगी।उन्होंने कहा कि बसामन मामा गौ अभयारण्य की तर्ज पर यहां भी दानदाताओं और जनसहयोग से गौशाला के संचालन में सहयोग लिया जाएगा।इस मौके पर प्रभारी कलेक्टर डा परीक्षित झाड़े,जिला वनमंडलाधिकारी विपिन पटेल ने बगदरा घाटी में बनाए जाने वाले गौ अभ्यारण्य की रूपरेखा और कार्य योजना प्रस्तुत की।

**काऊ सफारी के लिए उपमुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

सतना चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बगदरा घाटी चित्रकूट में काऊ सफारी के रूप में विकसित करने व गौवंश संरक्षण के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का आभार व्यक्त किया है।

## सेना से सेवानिवृत होकर पीएससी की तैयारी में जुटे आबकारी उपनिरीक्षक बने संजय



**सतना।** सतना में जीएसटी अधिकारी सुरेश कुमार साकेत के छोटे भाई संजय साकेत का एमपी पीएससी में आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयन हुआ है। उनके पिता रामयश साकेत ग्राम डफाई पोस्ट बाबूपुर सतना के पुस्तैनी निवासी है जो वर्तमान में रीवा में निवासरत है। उन्होंने बताया कि संजय की शुरुआती शिक्षा पांचवी तक स्वामी विवेकानंद हाईस्कूल सतना में 6वीं कक्षा से 10वीं तक रीवा मार्तण्ड हायर सेकंडरी स्कूल में 11वीं और 12वीं तक जबलपुर से नवाम्बे कॉन्वेंट स्कूल में हुई। गौरतलब है कि संजय 20 महार रेजिमेंट सेना में हवलदार रहते हुए 11 साल जम्मू कश्मीर और 3 साल नार्थ ईस्ट में कुल 17 वर्ष तक सेवाएं दी और रिटायर होकर पीएससी की तैयारी करने लगे।

### पिता ने बच्चों की पढ़ाई को ही दी प्राथमिकता

संजय साकेत के पिता रामयश साकेत 42 वर्ष तक स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की रॉ-माइंस बाबूपुर सतना में श्रमिक थे और आर्थिक रूप से कमजोर होते हुए भी उन्होंने बच्चों की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी' जिसके फलस्वरूप उनके पुत्र सुरेश जीएसटी अधिकारी,दूसरे पुत्र नरेंद्र साकेत खुद की पीएससी कोचिंग संचालक हैं। वही संजय अब हवलदार के बाद आबकारी उपनिरीक्षक बने है। पिता ने बताया कि एक साथ बच्चों को पढ़ाना काफी कठिन था,हमने अपने खर्चों में कमी की और बच्चों को पढ़ाया,उन्होंने कहा कि हमारे सामने कई आर्थिक समस्याएं आईं लेकिन हमने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता दी। आज हमारी स्थिति थोड़ी बहुत सुधरी है। संजय की इस उपलब्धि पर उनके पूरे परिवार को गर्व हो रहा है उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ विशेष रूप से भाई जीएसटी अधिकारी सुरेश कुमार साकेत एवं नरेन्द्र कुमार साकेत का बता रहे हैं।

## मैहर में दलालों से परेशान होते हैं श्रद्धालु



**मैहर।** मां शारदा मंदिर में प्रतिवर्ष लाखों कि संख्या में यात्री दर्शन करने के लिए पहुंचते है मगर जैसे ही मैहर सीमा में घुसते हैं यात्रियों का सामना सबसे पहले रास्ते में सैकड़ो मोटर साईकल सवार दलालों से होता है जो गैर कानूनी तरीके से यात्री वाहनों को बीच रास्ते पर रोकते हैं जिसकी वजह से कई बार वाहन चालक के अनियंत्रित होने के कारण यात्री और दलाल हादसे का शिकार हो जाते हैं जिसकी वजह से दोनों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। इन दलालों का काम सिर्फ यात्री वाहनों को दुकान तक पहुंचा कर अपना कमीशन लेना होता है। दलाल के कमीशन के चक्कर में यात्रियों को महंगा प्रसाद खरीदना पड़ता है,जिसके चलते आये दिन यात्रियों और दुकानदार दलालों के बीच विवाद का कारण बनती है कई बार तो यात्री दुकानदारों और दलालों के हाथो पिटने के बाद अपने आप को लाचार समझ कर चुपचाप चले जाते हैं वहीं कई बार तो मामला थाने तक पहुंच जाता है और यात्री जो परिवार के साथ दर्शन करने आया था वो थाना और न्यायालय के चक्कर में फंस कर रह जाता है जिसे देखते हुए मैहर जिला प्रशासन के द्वारा प्रसाद विक्रेताओं,दुकानदारों को लेकर आरंकडी पुलिस चौकी में एक बैठक की गई। आयोजित बैठक में दुकानदारों को मैहर मंदिर में होने वाली अव्यवस्थाओं से अवगत कराते हुए सुधार करने के आदेश दिये जिसमें उपस्थित दुकानदारों ने सहमति दर्ज कराई। एसडीएम ने कहा कि सभी दुकानदारों को दुकान के बाहर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य है। दुकान के आस पास सफाई व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाए। सड़क किनारे लगाई गई दुकानों को हटाने के निर्देश दिये साथ ही कड़े शब्दों में कहा कि मैहर के किसी मार्ग में यात्री गाड़ी पकडने वाले दलालों की गाड़यि को जप्त करने की कार्यवाही कि जायेगी साथ ही उस दुकानदार की दुकान भी शील कर दी जाएगी।

## शिक्षा संस्कारों के बिना अपूर्ण है: राजेंद्र शुक्ला



**सतना।** लवडेल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिन का आरम्भ अतिथियों द्वारा सरस्वती मां के सामन दीप प्रज्ज्वलन कर गणेश वन्दना,एवं सरस्वती वन्दना से किया गया। छात्रों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की सर्वोत्तम झांकियां प्रस्तुत की। आर्केस्टा के रिदम ने दर्शकों में धूम मचाई तो वहीं करात के प्रदर्शन ने दर्शकों को दातों तले उगलियां दबाने पर विवश किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मध्यप्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल विशिष्ट अतिथि दिव्यांग विवि.के कुलपति डा. शिशिर पाण्डेय,अनन्त सोनी एकेएस विवि.के चेयरमैन,डॉ.राकेश मिश्र सामाजिक कार्यकर्ता,व्यंकटेश पाण्डेय स्पीकर नगर निगम रीवा,मुख्यातिथि श्री शुक्ल ने लवडेल विद्यालय को सतना की शान बताते हुए कहा कि प्रायः मुझे इस विद्यालय के उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता के विषय पर जानकारी मिलती रहती हैं अपनी बात को आगे बढाते हुए उन्होने कहा कि शिक्षा संस्कारो के बिना अपूर्ण है। संस्कारवान व्यक्ति ही समाज के लिए उपयोगी होता हैं क्योंकि चरित्र के द्वारा ही मनुष्य सुन्दर बनता है। विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए जिससे वह अपने नागरिक कर्तव्यों का सही पालन करे एवं देश और समाज की सेवा कर सके। विद्यालय के चेयरमैन मृगेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय होना चाहिए। लवडेल विद्यालय अपनी भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए प्रयास कर रहा है क्योंकि आज पैकेज के चक्कर में पडे.होने के कारण जिस देश के नौजवान पिता के आदेश पर वन चले जाते थे वहीं के लोग आज अपने मां-बाप को वृद्धाश्रम भेजने का पाप करते हैं। जो देश और समाज के लिए शुभ संकेत नही माना जा सकता।कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।



खबर संक्षेप

## धार्मिक स्थलों का किया निरीक्षण



**अमानगंज।** नगर अमानगंज में आज दिनांक 28 दिसंबर 2023 को शाम के समय नायब तहसीलदार अमानगंज हेमंत अवधिया एवं सुंदरलाल सोनी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद अमानगंज के साथ पुलिस उप निरीक्षक रचना पटेल अपने दल बल के साथ धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया। जिनमें हनुमान जी मंदिर झिरियन मोहल्ला, मदर छल्ला किशनगढ़ रोड, जामा मस्जिद रंगरेज मोहल्ला वार्ड नंबर 2, जामा मस्जिद गरीब नवाज मैंन रोड, ज्वाला देवी मंदिर, राम मंदिर, बालाजी मंदिर का निरीक्षण किया और अधिक आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकरों को हटवाया एवं मंदिर के पुजारी एवं मौलवियों को शासन के दिशा निर्देशानुसार निर्धारित आवास सीमा में एसडीएम की परमिशन के बाद ही ध्वनि यंत्रों का प्रयोग करने की समझाइस दी।

## सब्जी मंडी में सड़कों पर दुकानें लगने से लगता है जाम



**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर में अतिक्रमण होने के कारण सड़कों पर आए दिन लगता है जाम जिससे कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरणीय नींद से नहीं जा पा रहे हैं जब कोई बड़ा हादसा हो जाएगा तब ध्यान देंगे जी हां हम आपको बता दें की सब्जी मंडी जो की सड़क पर लगती है जहां पर सुबह और शाम को बहुत जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जहां पर वाहन निकलते हैं और सड़क पर सब्जी की भी दुकान लगी रहती है जिससे कई घंटे लोगों को सड़क से निकलने के लिए इंतजार करना पड़ जाता है और देवेंद्र नगर का स्थानीय प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा है वही नगर वासियों ने पन्ना कलेक्टर महोदय से मांग की है कि इस रोड का अतिक्रमण हटवाया जाए जिससे लोगो को जाम जैसी स्थिति से निजात मिल सके और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे जिससे कि लोगों को आने-जाने में समस्या ना हो सके।

## आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप मे इस प्रकार है, कि सूचनाकर्ता तिलक यादव द्वारा यह बताया गया कि मोटरसाईकिल से अरविंद यादव कल्याणपुर तरफ से उसके घर मुटवा आ रहा था तभी तिलगंवा मोड बडे पुलिया के पास पन्ना तरफ से जा रहे वाहन क्रमांक एम पी 35 सी ए 0367 के चालक राजेन्द्र सिंह यादव ने वाहन को तेजगति एवं लापरवाही से चलाकर अरविंद यादव की मोटरसाईकिल में सामने से टक्कर मार दी थी। जिससे अरविंद के माथे पीठ कंधे पसलियों में गंभीर चोटें आई थी। अरविंद यादव को 100 नंबर गाडी से पन्ना अस्पताल ले गये थे। आहत अरविंद यादव को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई थी तत्पश्चात शव पचंनामा की कार्यवाही की गई थी। शव का पी0एम0 कराया गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर से अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया, साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय श्रीमान प्रीतम शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करते हुए रोहित गुप्ता, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराया, न्यायालय के समक्ष आरोपी राजेश सिंह यादव का कृत्य संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम श्रेणी का होने के कारण कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया।

### जिले से पात्र एवं योग्य उपनिरीक्षकों के आधार पर

# कार्यवाहक निरीक्षक पद हेतु चयनित सूची में कई नाम तय

**थाना बृजपुर प्रभारी के रूप में पदस्थ उप निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर वहीं पवई थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ सुधीर कुमार बेगी साथ ही सुशील शुक्ला, जगमोहन सिंह एवं गिरजा शंकर बाजपेयी मुख्य रूप से तय**

पन्ना।

जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली विगत काफी समय से बेहतर मानी जा रही है, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक एस.पी. धर्मराज मीणा के समय से जहां पुलिस का भरोसा आम जनता में अलग ही जाना गया वहीं वर्तमान में भी एस.पी. एस.सांई कृष्ण एस. थोटा जिनके कार्यकाल में तत्परता व देश भक्ति जनसेवा को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली जिले में कर्तव्य निभाने को लेकर जानी जा रही है वहीं सुखद समाचार जिस तरह से सामने आया उसमें पुलिस मुख्यालय म.प्र. भोपाल से प्रकाशित जी.ओ.पी. 148/2021/ दिनांक 10.02.2021 के माध्यम से म.प्र. पुलिस रेगुलेशन पैरा-72 एवं शासन आदेश क्रमांक एफ-(अ)10-2021बी-4दो दिनांक 9 फरवरी 2021 के क्रम में स्थानापन्न रूप से कार्यवाहक तौर पर उच्च पद के प्रभार देने के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित की गई है। उपरोक्त जी.ओ.पी. द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अंतर्गत जिला बल संवर्ग के उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर उच्च पद का कार्यवाहक प्रभार दिये जाने हेतु पुलिस मुख्यालय स्तर पर उपनिरीक्षकों की 01/01/2020 की स्थिति में दिनांक 31.07.2020 को जारी वरिष्ठता सूची के आधार पर विचारण क्षेत्र में आने वाले पात्र एवं योग्य उपनिरीक्षकों के निर्धारण हेतु जी.ओ.पी. क्र0-148/21, दिनांक 10.02.2021 में निहित प्रावधान एवं आदतन संशोधन अनुसार पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित छठनी समिति से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उप निरीक्षक से कार्यवाहक निरीक्षक हेतु उपनिरीक्षकों की जो उपयुक्त सूची वर्ष 2023 निम्नानुसार प्रकाशित की गई है उसमें पन्ना जिले के पात्र एवं योग्य उपनिरीक्षकों में प्रमुख रूप से वर्तमान में थाना प्रभारी बृजपुर का दायित्व संभाल रहे उप निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर वहीं प्रभारी थाना पवई के जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रहे उप निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी तथा थाना सिमरिया में पदस्थ उपनिरीक्षक सुशील शुक्ला वहीं पुलिस चौकी ककरहटी थाना कोतवाली पन्ना में पदस्थ उपनिरीक्षक गिरजाशंकर बाजपेयी तथा ए.जे.के. थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक जगमोहन सिंह प्रमुख रूप से इनके नाम तय। इस तरह से जिले के लिये यह खुशी और अच्छी खबर जहां पुलिस विभाग में पदस्थ उप निरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक उच्च पद के लिये जिम्मेदारी आने वाले समय में तय होगी निश्चित ही अच्छे कार्यों व अच्छी कार्यप्रणाली से ही जो मुकाम तय होता है पुलिस विभाग में जहां हर दिन चुनौती पूर्ण समय माना जाता है वहीं देश भक्ति जन सेवा का जज्बा लिये हुये आम जनता की सुरक्षा जानमाल को लेकर निभाने के लिये जिन्हें जाना जाता है उन्हें उच्च पद के लिये जिस तरह से नवाजा जायेगा वह उनकी विभाग की सेवा में स्वर्णिम समय को लेकर जाना जायेगा।









## बड़ा बाजार में पार्किंग सुविधा का आभाव, आये दिन लगता है जाम

**पन्ना।** जिला मुख्यालय के बड़ा बाजार में जहां आज भी पार्किंग सुविधा नहीं है यह प्रमुख बाजार माना जाता है सड़कों में ही वाहन खड़े करना मजबूरी बनती है सड़कों में लगता है जाम आवागमन होता है प्रभावित कहने को विकास को लेकर हर नपा अपनी दिशा तय करती है पर पन्ना जिला मुचख्यालय की नपा के द्वारा आज दिनांक तक जिले के प्रमुख बड़ा बाजार में पार्किंग सुविधा पर गौर नहीं किया गया। सबसे बड़ी दास्तां यहां सड़क में ही वाहनों की खड़े किये जाने को लेकर जानी जाती है सड़कों में वाहन खड़े होने से जाम के हालात बनते है आवागमन प्रभावित होता है आम आदमी को परेशानी के हालात से गुजरना पड़ता है। इतना ही नहीं सड़क को बनाया गया चौड़ी सड़क दिखती है रात्रि को दिन में यह सड़क वाहनों के खड़े होने से तथा संबंधित दुकानदारों के द्वारा अपनी दुकान को सड़क में ही आगे स्थापित अपने माल से कर दिया जाता है या फिर अपने वाहनों से सुशोभित किया जाता है। जिसके चलते यह सड़क दिन में स्वमेव सकरी हो जाती है आखिर प्रमुख समस्या बड़ा बाजार पन्ना में पार्किंग व्यवस्था न होना माना जा रहा है वैसे तो इस समूचे नगर में कहीं भी पार्किंग की सुविधा बाजार को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई चाहे वह कटरा बाजार हो या बड़ा बाजार विकास के पैमाने को हम आगे हर समय हर नपा तय करती है साथ ही भाजपा की बात करें तो सत्तारूढ पार्टी है नपा में भी सत्तारूढ पार्टी सर्मथक नपा अध्यक्ष भी है अब इन परिस्थितियों में सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ क्या पन्ना नगर के लोगों को आवागमन की सुविधा का ध्यान में रखते हुये बड़ा बाजार पन्ना में वाहन पार्किंग की व्यवस्था के लिये दिशा तय की जायेगी की नहीं जो सभी तरह से सभी के लिये उचित माना जायेगा। जहां आम आदमी के लिये जाम से आवागमन के दौरान मुक्ति मिलेगी वहीं व्यापारियों के लिये भी बेहतर होगा।

## यातायात पुलिस पन्ना द्वारा हायर सेकेण्डरी एक्सीलेंस स्कूल में आयोजित किया गया जागरुकता कार्यक्रम





पन्ना।

पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट एवं दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट धारण करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है,जिसके पालन में श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी एस.पी. सिंह बघेल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात सूबेदार ज्योति दुबे व ट्राफिक पुलिस स्टाफ द्वारा हायर सेकेण्डरी एक्सीलेंस स्कूल पन्ना के छात्र एवं छात्राएं के बीच विषेश अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम किया गया । जिसमें बच्चों को समझाइश दी गयी कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट धारण करें ये आपकी सुरक्षा के लिए है,उपयोग जरूर करें। साथ ही सॉर्ट मूवी एवं प्रजेन्टेशन के माध्यम से ट्राफिक सिग्नल ,रोड़ साइन ,रोड मार्किंग, एक्सीडेण्ट के कारण, बचाव हेतु सावधानियाँ, राइट आफ वे ,एमरजेंसी केयर ,गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को रोड पर पैदल चलते समय या रोड क्रास करते समय क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए साइकिल चलाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए । ड्राइविंग लाईसेंस बनवाने की प्रकिया आदि बिन्दुओं पर बच्चों के बीच चर्चा की गई । जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात सूबेदार ज्योति दुबे , कमलेश सिंह , सत्येन्द्र सिंह व हायर सेकेण्डरी एक्सीलेंस स्कूल पन्ना की प्राचार्या श्रीमती रोशनी खरे जी एवं विद्यालय का समस्त स्टाप एवं छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे ।

## हिन्दुपत महल पुरातत्व संग्रहालय को मुख्य सड़कों में साइन बोर्ड के माध्यम से बताने की जरूरत







पन्ना।

पुरातत्व की दृष्टि से हिन्दूपत महल में जो प्राचीन संस्कृति व कलाकृति के रूप में जिले की कई जगह की प्राचीन प्रतिमायें जानी जाती है पर इस महल को आज भी जहां सड़कों में प्रचार प्रसार के रूप साइन बोर्ड का अभाव स्टेट समय से पन्ना जिले की पहचान जहां अलग ही जानी जाती है हीरे के साथ-साथ पन्ना जिले में कई पुरातत्व को ध्यान में रखकर प्रचीन समय की प्रतिमायें जहां जिले में कई जगहों से लाकर हिन्दुपत महल में स्थापित की गई है जो पुरातत्व संग्रहालय के नाम से जाना जाता है पर सबसे बड़ी बात तो यह है कि पुरातत्व संग्रहालय हिन्दुपत महल कहां है यह मुख्य सड़कों में साइन बोर्ड न होने के कारण पर्यटकों को ज्ञात ही नहीं होता साथ ही भावी पीढ़ी को पुरातत्व संग्रहालय के बारे में अंजान के हालात बने रहते है। जरूरत है कि जिले की मुख्य सड़कों या मुख्य जगहों में पुरातत्व संग्रहालय का साइन बोर्ड व इसके प्रचार प्रसार को लेकर उचित व्यवस्था को अंजाम दिया जाना चाहिये ताकि हमारे प्राचीन समय की प्रतिमायें जो हमारी संस्कृति व कला को मूर्तिकला के रूप में किस तरह से जाना जाता था जो आज भी ये प्रतिमायें प्राचीन सभ्यता व कलाकृति तथा कई स्वरूपों में भगवान की प्रतिमायें जो उस समय बनाई गई थी जिससे आज कुछ सीखने व समझने को लेकर भी जाना जाता है इतिहास के रूप में हिन्दुपत पुरातत्व संग्रहालय में रखी हुई प्राचीन समय की प्रतिमायें आखिर पर्यटकों का आकर्षण का केन्द्र भी बन सकती है पर इसके लिये आज तक प्रयास सार्थक नहीं किये गये। वहीं पुरातत्व संग्रहालय में लंबे अर्से से देखा जाता है कि कहीं मउ सहानिया तो कहीं ग्वालियर में पदस्थ जिम्मेदार अधिकारी प्रभार के रूप में पन्ना पुरातत्व संग्रहालय हिन्दुपत महल के दायित्वों का निर्वाहन करते आ रहे है जब तक यहां स्थाई रूप से पुरातत्व संग्रहालय में पदस्थापना जिम्मेदारों की नहीं की जायेगी तब तक शायद हिन्दुपत महल पुरातत्व संग्रहालय अंधेरे के हालात जाना जायेगा।



## मध्यांचल बैंक अजीवका मिशन के 69 समूहों को वितरित किए 192 लाख

**पन्ना।** महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में निरंतर सक्रिय अजीबका मिशन निरंतर कार्य कर रहा है उसी तारतंभ में स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओ को सशक्त बनाने के लिये बैंको द्वारा सी सी एल ऋण वितरण किया जाता है। आजीविका मिशन के स्टॉफ और मध्यांचल ग्रामीण बैंक स्टॉफ द्वारा संयुक्त रूप से कार्य करते हुए कैंप के माध्यम से 69 समूहों को 192 लाख रूपये ऋण वितरण किया गया। आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक श्री प्रमोद शुक्ला द्वारा बताया गया की शासन द्वारा निर्धारित समूहों को ऋण वितरण लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्ति एवं समूह मे जुड़े गरीब परिवारों की आजीविका संचालन हेतु आवश्यक ऋण राशि वितरण के लिये कैंप का आयोजन किया गया है। आगे भी ग्रामीण गरीब परिवारों को आजीविका गतिविधिया संचालित करवाने के उद्देश्य पूर्ति के लिये ज्यादा से ज्यादा ऋण उपलब्ध कराने के लिये ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम मे मध्यांचल ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय शाखा छतरपुर के एडवांस मैनेजर श्री नवीन मेश्राम और आजीविका मिशन पन्ना जिला प्रबंधक श्री ओपी सोनी, शाखा प्रबंधक मध्यांचल ग्रामीण बैंक पवई एसके सिंह एवं शाखा प्रबंधक मोहन्द्रा के साथ साथ बड़ी संख्या मे स्व सहायता समूह की महिलाये उपस्थित रही। कार्यक्रम के सफल संचालन मे आजीविका मिशन की विकासखंड टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## डॉ मोहन सरकार आम आदमी की परेशानी को लेकर सख्त

पन्ना।

सरकार की सोच कार्यप्रणाली से आम जनता में जानी जाती है डॉ0 मोहन यादव की सरकार आम जनता की परेशान न हो, लापरवाही जिम्मेदारों की बर्दास्त नहीं की जायेगी मुख्यालय स्तर पर ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम जिम्मेदारों के लिये करने के लिये हिदायत

निश्चित ही जब कोई नया मुखिया सरकार की कमान संभालने को लेकर तय होता है तो कार्यप्रणाली भी बदलाव को लेकर दिशा तय करती है म.प्र. के डॉ0 मोहन यादव की सरकार में भी कुछ ऐसा ही अब होने जा रहा है जिसके चलते राजस्व विभाग के लिये मुख्यमंत्री के द्वारा गाइड लाइन ही तय कर दी गई है जहां पारदर्शिता से कार्यों का संपादन हो प्रशासन में आईटी का अधिकतम प्रयोग किया जाये, शिविर लगाकर नागरिकों की समस्यायें सुलझाई जायें ऑन-द-स्पॉट समाधान को लेकर कार्यवाही हो इतना ही नहीं पटवारी अपने मुख्यालय ग्राम पंचायत में रात्रि विश्रमा करें राजस्व कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी विभागीय स्तर पर दिखाई देने वाली कमियां दूर करने के लिये लक्ष्य बनाया जा रहा है आम नागरिक परेशान न हो लापरवाही पर डॉ0 मोहन यादव की सरकार सख्त कार्यवाही को लेकर मापदण्ड तय कर रही है। लंबित कार्यों की सतत समीक्षा की जायेगी अभियान संचालित कर समस्याओं के निराकरण को लेकर आगे का समय तय होने जा रहा है जहां आवश्यक हो वहां पुलिस बल का सहयोग लेकर राजस्व की समस्याओं से निदान की दिशा पर फोकस किया जा रहा है। पहली बार जहां इस तरह से सख्त रवैया म.प्र. सरकार का तय होने जा रहा है इसमें निश्चिततौर से मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव जो अपने अलग अंदाज में सरकार को कार्यप्रणाली से ही साबित करने के लिये लक्ष्य के साथ चलने के लिये अपनी कार्यप्रणाली को अंजाम देने का मन बना चुके है। अब देखना यह है कि वास्तविकता में यह स्वरूप सरकार का कब तक जमीनी रूप में जाना जायेगा।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में संपन्न हुआ रक्तदान शिविर युवाओं एवं महिलाओं ने किया रक्तदान

**स्वर्गीय मणि नागेंद्र सिंह पटेल की स्मृति में किया गया था आयोजन**

पवई।

पवई विधानसभा के समाजसेवी एवं स्वर्गीय मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्य डॉ अमित खरे के द्वारा गुरुवार को पवई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वर्गीय मणि नागेंद्र सिंह जी की जन्म स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया सर्वप्रथम बसंत दहायत नगर परिषद अध्यक्ष, मधु गुलाब सोनी भाजपा मंडल अध्यक्ष स्वास्थ्य टीम ने छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर शिविर का शुभारंभ किया, इस रक्तदान शिविर में नीतू सैनी शिक्षका एवं नगर सहित क्षेत्र के युवाओं व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग पन्ना एवं पवई टीम के स्वास्थ्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बता दें कि उनकी जन्म स्मृति के उपलक्ष्य में आज प्रदेश भर में कई जगहों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी सौरभ रत्नाकर, डॉ प्रशांत भदौरिया, लैब टेक्नीशियन प्रमोद नगायच, रामनाथ ओमरे, जगत प्रजापति, सत्यम खटीक, खाद्य आपूर्ति अधिकारी प्रताप सिंह, रवि नगायच मौजूद रहे।





**खबर संक्षेप**

### नई शिक्षा नीति पर पत्रकारिता विवि की एक दिवसीय कार्यशाला आज

**छतरपुर।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को रुद्राक्ष होटल छतरपुर में एक दिवसीय संभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होगा। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केजी सुरेश, कुलसचिव प्रोफेसर अविनाश वाजपेयी, निदेशक संबद्ध अध्ययन संस्थान डॉ. बबीता अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश पाठक शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे शुरू होगा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं मीडिया व आईटी से जुड़े विषय पर विस्तृत चर्चा करना है। कार्यशाला में छतरपुर, सागर संभाग की समस्त कम्प्यूटर एवं मीडिया संस्थाओं के प्रमुख भी शामिल होंगे।

### गुम किशोरी दो माह बाद दिल्ली में मिली

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत छतरपुर में रह रही 15 साल की किशोरी 22 अक्टूबर को अचानक लापता हो गई थी। सिविल लाइन थाने में किशोरी के लापता होने का मामला दर्ज किया गया था। आपरेशन मुस्कान के तहत सिविल लाइन टीआई कमलेश साहू की टीम ने किशोरी को दिल्ली के द्वारिका से खोज निकाला है। 27 दिसम्बर को उसे मुखबिर एवं तकनीकी साक्ष्यों की मदद से द्वारका से खोज लिया। किशोरी मूलरूप से सटई की रहने वाली है लेकिन हाल ही में वह छतरपुर में रह रही थी। महिला पुलिस अधिकारी उपनिरीक्षक स्वर्णप्रभा दुबे किशोरी से पूछताछ कर रही हैं। जिस युवक के कब्जे से किशोरी मिली है उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### पुरानी रंजिश पर युवक के ऊपर जानलेवा हमला



**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना अंतर्गत ग्राम महेबा निवासी 30 वर्षीय युवक सुरेन्द्र शर्मा के ऊपर पुरानी बुराई के कारण गांव के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। लहूलुहान युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं मामले की शिकायत ओरछा रोड थाने में दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है। जानकारी के मुताबिक महेबा निवासी सुरेन्द्र शर्मा पुत्र ब्रजकिशोर शर्मा तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गया था तभी पुरानी राजनीतिक बुराई को लेकर आरोपी रज्जन, रानू, विक्रम, राजेश, दिनेश, मुकेश, विनीत एवं अन्य साथियों ने मिलकर लाठी-डण्डे से हमला कर दिया। जानलेवा हमले में घायल युवक के परिवार के सदस्य इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आए वहीं घटना की रिपोर्ट थाने में कर दी।

पति और देवर पर दर्ज मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

### महिला सरपंच ने एसपी से लगाई गुहार

**छतरपुर।** दो रोज पहले बमीठा थाने में गोली लगने से युवक के घायल होने के मामले में बमीठा थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस मामले में सरपंच पति विनोद पटेल एवं देवर राजेश पटेल को भी आरोपी बनाया गया है। महिला सरपंच रेवती पटेल ने एसपी को आवेदन देते हुए इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सरपंच का कहना है कि उनके पति और देवर को झूठा फंसाया गया है। क्योंकि जिस वक्त घटना की बात कही गई है उस समय उनके पति और देवर कहीं अन्यत्र थे। बरायचखेरा सरपंच रेवती पटेल ने एसपी को आवेदन देते हुए अवगत कराया कि उनके देवर राजेश 26 दिसम्बर को ट्रेन से छतरपुर से ललितपुर होते हुए दिल्ली और वैष्णव माता मंदिर गए हैं घटना के एक दिन पूर्व से ही वह बाहर हैं। सरपंच के पति विनोद छत्रसाल नगर स्थित मकान में थे। महिला सरपंच का कहना है कि दोनों के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर ली जाए। दोनों का घटना से दूर-दूर तक लेना-देना नहीं है इसलिए निर्दोष पति और देवर को मामले से पृथक किया जाए।

**कोविड के दौरान सेल्फ स्टडी और यूट्यूब की मदद से पाई सफलता**

# नौगांव की बेटी शिफा हाशमी बनी डीएसपी

**नौगांव।** शहर के ताज कॉलोनी में रहने वाले दिवंगत शिक्षक अब्दुल वकील हाशमी के घर में इस समय खुशियों का ठिकाना नहीं है। बुधवार को एमपीपीएससी 2019 के जारी रिजल्ट में दिवंगत शिक्षक के बच्चों में तीसरे नम्बर की बेटी शिफा हाशमी ने डीएसपी के पद पर चयनित होते हुए राज्य पुलिस सेवा उपाधीक्षक की जारी रैंकिंग में आठवां स्थान मिला है।




डीएसपी के पद पर चयनित शिफा हाशमी वर्तमान में राजधानी भोपाल में सामाजिक न्याय विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। शिफा हाशमी के भाई डॉक्टर अशद हाशमी ने बताया कि शिफा की दसवीं तक को शिक्षा प्राइवेट जीजीएम कॉन्वेंट स्कूल से हुई। इसके बाद शासकीय कन्या विद्यालय से हायर सेकेंडरी तक शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद भोपाल के बरकतुल्ला विश्वविद्यालय से बीई की डिग्री हासिल की है। एमपीपीएससी 2019 के जारी रिजल्ट में डीएसपी बनी नौगांव की बेटी शिफा हाशमी ने फोन पर हरिभूमि से खास बातचीत में बताया कि उन्होंने यह सफलता सेल्फ स्टडी और यूट्यूब की मदद से प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि कोविड के दौरान जब सब कुछ बंद था चारों ओर लॉकडाउन लगा था, उस समय हमने नौगांव में घर पर रहकर अपनी स्वयं के विवेक, शिक्षक पिता के सहयोग एवं किताबों के माध्यम से पढ़ाई की है, साथ ही पढ़ाई के दौरान कुछ समझ में नहीं आया अथवा करेंट अफेयर्स और विविध जानकारी के लिए यूट्यूब की मदद से अपनी पढ़ाई जारी रखी। सन 2020 का साल भी काल को तरह आया जिसमें उन्होंने अपने शिक्षक पिता को खो दिया। उन्होंने बताया कि डीएसपी पद के चयन से पहले वह पीएससी के माध्यम से ही सामाजिक न्याय विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में चयनित हुई थी और अभी वर्तमान में भोपाल में पदस्थ हैं। शिफा हाशमी का कहना है कि लड़कियों खासतौर पर मुस्लिम लड़कियों को रोके नहीं, उन्हें पढ़ने दें, पढ़ाई के पंख दें उन्हें, फिर देखिए बेटियां किस तरह से एक नहीं बल्कि दो परिवारों के नाम को आगे बढ़ाती हैं।

**दो भाई डॉक्टर तो एक भाई कर रहा सिविल जज की तैयारी**

छतरपुर जिला चिकित्सालय में ऑडियोलाजिस्ट के पद पर पदस्थ डॉक्टर अशद हाशमी ने बताया कि वह चार भाई बहन हैं, बड़े भाई डॉक्टर शमद हाशमी भोपाल एम्स में पदस्थ हैं, तीसरे नम्बर की बहन शिफा हाशमी भोपाल में सामाजिक न्याय विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं, लेकिन अब उनका चयन डीएसपी के पद पर हो गया है।सबसे छोटा भाई अब्दुल राजिक हाशमी वकालत की पढ़ाई करने के बाद सिविल जज की तैयारी कर रहा है।

**2019 पीएससी में चयन, 21 में मैंस क्लियर और 22 के मैंस रिटर्न की तैयारी**

डीएसपी के पद पर चयनित शिफा हाशमी ने बताया कि बुधवार को जारी एमपीपीएससी 2019 के परिणाम में डीएसपी के पद पर चयन हुआ है। 2021 एमपीपीएससी का मैंस क्लियर हो चुका है तो वहीं 2022 के एमपीपीएससी के मैंस की तैयारी चल रही है। इससे पहले सामाजिक न्याय विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर मेरा चयन एमपीपीएससी के माध्यम से ही हुआ था।

## युवक को आत्महत्या के लिये उकसाने के मामले में पत्नी, सास-ससुर सहित एक अन्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**नौगांव।** नौगांव थाना क्षेत्र के बिलहरी गांव से गुजरे फोरलेन पर स्थित मिलन ढावा के पास बीते दिनों युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने युवक की मौत के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने पर युवक की पत्नी, सास-ससुर सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से सभी आरोपियों को जेल भेजने की कारवाई की गई। नौगांव एसडीओपी ने बताया कि दिनांक 11 दिसंबर 23 को सूचना प्राप्त हुई कि मिलन ढाबा के पास स्थित खेत के कुएं में अज्ञात व्यक्ति रस्सा से फांसी के फंदे पर मृत अवस्था में लटक रहा है। सूचना पर थाना पर मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। मृतक की पहचान सुजीत पिता बद्रीप्रसाद रैकवार उम्र 39 वर्ष निवासी अवंति बाई कॉलेज के पास छतरपुर के रूप में हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण एवं मेडिकल रिपोर्ट एवं संबंधियों के कथनों के आधार जांच पड़ताल की। जिसमें नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह एवं पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मृतक की पीएम रिपोर्ट, एवं संबंधियों के कथनों के आधार पर घटना मृतक की आत्महत्या हेतु उकसाना स्पष्ट हुआ। जिसमें साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 10.12.23 के 22.00 बजे से 11.12.23 के 07.00 बजे के मध्य मृतक सुजीत रैकवार पिता बद्री प्रसाद रैकवार उम्र 39 वर्ष निवासी अवन्ति बाई कालेज के पास छतरपुर की पत्नी, ससुर, सास व एक अन्य आरोपी निवासियान नौगांव की मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या करना पाया। जिसके बाद पुलिस आईपीसी 306,34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इसके बाद पुलिस ने दिनांक 28 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर आरोपी उम्र 58 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 20 को गर्रौली चौराहा से एवं आरोपिया मृतक की सास उम्र 50 वर्ष, मृतक की पत्नी उम्र 30 वर्ष, एवं मृतक का ससुर उम्र 52 वर्ष निवासीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। इस मामले में निरीक्षक सतीश सिंह थाना प्रभारी नौगांव, सउनि आर के मिश्रा, प्रआर देवीदास, मनीष, अरविन्द शर्मा, राजकुमार, आरक्षक जितेन्द्र अहिरवार, आदित्य परिहार, पहाड़ सिंह, राजकुमार, महिला आरक्षक आरती, सीमा, रीना की भूमिका रही।

## बुंदेलखंड के लाल को मिलेगा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार



**छतरपुर।** शहर के चौबे कॉलोनी निवासी अंकित सिंह को समाज सेवा एवं मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए वर्ष 2020-21 हेतु युवाओं का पद्मश्री कहे जाने वाले भारत सरकार का राष्ट्रीय युवा पुरस्कार दिया जाएगा। भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अंकित को यह पुरुष्कार राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन नासिक महाराष्ट्र में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में दिया जाएगा। अंकित ने अपनी शिक्षा के साथ-साथ समाज में शिक्षा, जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान तथा दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को समाज की मुख्य धारा में जोडऩे आदि का उल्लेखनीय कार्य किया है तथा विगत दिनों मध्यप्रदेश की युवा नीति को अंतिम रूप देने में भी योगदान रहा है। अंकित छतरपुर शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी स्वर्गवासी जितेंद्र सिंह जित्तू के सुपुत्र हैं। अंकित की माताजी वर्तमान में श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। पिता के आकस्मिक निधन के बाद अंकित ने बड़े संघर्षों से अपनी शिक्षा पूर्ण की, विभिन्न उपाधियों से विभूषित होने के साथ-साथ एक बहुत ही प्रतिभाशाली छात्र एवं भारत के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईएम(आईआईएम रांची) के छात्र रहे हैं।

## जमीनी विवाद को लेकर युवक के साथ की मारपीट



**छतरपुर।** जमीनी विवाद को लेकर एक 35 वर्षीय युवक की लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी गई। उसे मरणासन्न समझकर आरोपी मौके से चले गए। इसके बाद परिजनों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार चंदला थाना अंतर्गत ग्राम छपरा के रहने वाले लाला राजपूत तनय मैयादीन राजपूत ने बताया कि जब वह हार में मौजूद अपने खेत में पानी लगा रहा था उसी समय जग्गा राजपूत, रामभेस राजपूत, जनार्दन राजपूत, हीरामन राजपूत और और उसकी लाठी-डण्डों से मारपीट कर उसे मरणासन्न समझकर वहां से चले गए। लाला राजपूत ने बताया कि आरोपियों की कई बार चंदला थाने में शिकायत भी की गई। फिलहाल लाला राजपूत का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## अक्षत कलश यात्रा की निकली शोभायात्रा



**बड़ामलहरा।** नगर के बिहारी जी मन्दिर परिसर से रामबाग मन्दिर आश्रम तक अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में अक्षत कलश शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गई।

22 जनवरी को अयोध्या में नव निर्मित मन्दिर में भगवान श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है जिसको लेकर पूरे भारत में उत्सव का माहौल है। उसी को लेकर उक्त अयोध्या से आये अक्षत कलश की शोभायात्रा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यवाह वीरेंद्र असाटी, जिला सह कार्यवाह अखिलेश गुप्ता, खण्ड संघ चालक नन्द किशोर शुक्ला, खण्ड कार्यवाह अवध विश्वकर्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राम गोपाल यादव, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद सिंह घोष, प्रखंड मंत्री हरिराम प्रजापति की अगुवाई में निकाली गई। नगर में अक्षत कलश का पूजन कर शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा से नगर वासियों ने स्वागत किया। शोभायात्रा में घोड़े बेंड बाजे ध्वज पताका जय श्रीराम उद्घोष आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा में श्रीराम वाहिनी की मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में शामिल रही। रामबाग आश्रम से नगर के सभी पंद्रह वार्डो में प्रभारियों को मिट्टी के कलश प्रदान किये गए।

## आदिवर्त संग्रहालय में तीन दिवसीय वर्षगांठ समारोह आज से



**खजुराहो।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के सांस्कृतिक गांव के रूप में 'आदिवर्त' संग्रहालय की स्थापना खजुराहो में की गई है। संग्रहालय में मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजातियां और लोकांचलों के आवास एवं जीवन उपयोगी वस्तुओं तथा सौन्दर्यबोध को अभिव्यक्त करता है। पहले चरण में जनजातीय पक्ष प्रमुखता से प्रदर्षित है। दूसरे चरण मे लोकांचलों की आवासीय संरचना निर्माण की प्रक्रिया में है। संग्रहालय के प्रभारी अधिकारी अशोक मिश्र ने बताया कि यह सुखद संयोग है कि संग्रहालय के पहले चरण की पूर्णता का एक वर्ष व्यतीत हुआ है। इस एक वर्ष की स्थापना का वर्षगांठ समारोह 29 से 31 दिसम्बर 2023 में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में म.प्र. की जनजातीय एवं लोककलाओं की प्रस्तुतियों के साथ संक्षिप्त शिल्प मेला और व्यंजनों के स्वाद का भी अनुभूत करने का एक अवसर मिलेगा। इस शिल्प मेले में पारम्परिक शिल्पी अपने रचनात्मकता का प्रदर्शन विक्रय के साथ-साथ करेंगे।समारोह का शुभांरभ 29 दिसम्बर, को सायं 6 बजे होगा। शुभारम्भ के लिये बघेली के विद्वान श्री बाबूलाल दाहिया और कलेक्टर छतरपुर संदीप जी.आर की उपस्थिति रहेगी। दूसरे दिवस से समारोह दोपहर 2 बजे से समारोहित किया जायेगा, जिसमें शिल्प मेला, व्यंजन और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी देखा जा सकेगा।मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा देव श्रीशिव, मां सती और श्री हनुमान के चरित्र की लीला नाट्य प्रस्तुतियां तैयार कराई हैं, जिन्हें प्रदेश के अलग-अलग वरिष्ठ कोरियोग्राफर एवं संगीत विशेषज्ञ निर्देशकों ने तैयार की है। अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों में इन चरित्र की अनेक महत्वपूर्ण कथा, गाथा साहित्य को आधार बनाकर लीला नाट्य तैयार की गई हैं। ऐसा प्रयोग देश में पहली बार हुआ है और उन लीला नाट्यों को इस समारोह में देखने का भी अवसर आगंतुकों को मिलेगा। सांस्कृतिक समारोह के पहले दिन 29 दिसम्बर को महादेव लीला नाट्य, मध्यप्रदेश के गोंड समुदाय का गुदुमबाजा नृत्य, बुंदेलखंड का प्रसिद्ध आल्हा गायन एवं महादेव लीला-नाट्य की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन सती लीला नाट्य, मध्यप्रदेश के कोरकू समुदाय का गदली एवं थापटी नृत्य, बुंदेलखंड का राई एवं बरेदी नृत्य, महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा सौंगी मुखौटा एवं सती लीला-नाट्य की प्रस्तुती दी जायगी। तीसरे दिन गुजरात के जनजातीय समुदाय द्वारा राठवा नृत्य, मध्यप्रदेश के बैगा समुदाय द्वारा करमा नृत्य, बुंदेलखंड का बधाई नृत्य एवं श्रीहनुमान लीला नाट्य की प्रस्तुति होगी।

**जनजातियों की जीवनशैली का बोध कराता आदिवर्त**

## पुलिस अधीक्षक ने किया देर रात थानों का आकस्मिक निरीक्षण

**छतरपुर।** पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश द्वारा सभी पुलिस अधीक्षकों को समय समय पर रात्रि में पुलिस थानों के आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश दिये गए हैं। इसी अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक छतरपुर अमित सांघी द्वारा बीती रात ढाई से सुबह चार बजे तक रोड पेट्रोलिंग करते हुए थाना मातगुवां एवं सिविल लाइन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।आकस्मिक निरीक्षण के दौरान थाना मातगुवां में गश्त की विधिवत रवानगी समय पर नहीं थी तथा रात में कोई जिम्मेदार अधिकारी थाने पर नहीं थे। थाना प्रभारी को इस संबंध में निर्देशित किया गया एवं कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा सिविल लाइन थाने में भी गश्त एवं हवालात तथा रोजनामचा चेक किया गया। प्रभावी गश्त के निर्देश दिये गए। थाना सिविल लाइन द्वारा दिल्ली से एक नाबालिग की दस्त्याबी की गई थी जिसका आरोपी अभिरक्षा में थाने में था



उसकी विधिवत नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये गए।इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे जिले में देर रात चेकिंग लगाई गई। इसी दौरान सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालोनी के पास एक बस जो किसी कारणवश खराब हो गई थी, कुछ अज्ञात बाईक सवारों द्वारा लूट पाट का प्रयास किया जा रहा था तभी सिविल लाइन पुलिस बल मौके पर पहुँच गया। पुलिस को देख बदमाश अपनी बाइक छोड़कर भाग गए। गश्त सूचना प्राप्त होते ही शीघ्र ही स्पॉट पर पहुंचे पुलिस बल ने आकस्मिक पुलिस सेवा वाहन में ड्यूटीरत सहायक उप निरीक्षक हरिश्चंद्र यादव एवं प्रधान आरक्षक नेपाल सिंह तथा चीता 5 ड्यूटी में आरक्षक भूपत सिंह एवं आरक्षक रवि शुक्ला को पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने गश्त में लगे बल को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। पल्सर मोटरसाइकिल जो आरोपी छोड़कर भाग गए थे को विधिवत जप्त कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

**एक दिन पूर्व के गोलीकाण्ड से जोड़ रहे घटना, थाने में दर्ज हुआ मामला**

## युवक को घसीटा, हाथ-पैर तोड़े, चढ़ा दी बाईक



**छतरपुर।** पन्ना रोड पर स्थित गठेवरा के रहने वाले एक युवक के ऊपर आधा दर्जन लोगों ने कातिलाना हमला कर दिया। पहले युवक का दुकान से अपहरण किया इसके बाद उसे फार्म हाउस ले जाकर उसको घसीटा गया और फिर उसके ऊपर बाईक चढ़ाई गई। इस घटना में युवक का एक हाथ और दोनों पैर टूट जाने का दावा उसके परिवारजनों ने किया है। इस घटना को एक दिन पूर्व बमीठा क्षेत्र में हुए गोलीकाण्ड से जोड़कर देखा जा रहा है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम गठेवरा के रहने वाले उमाशंकर पटेल ने बताया कि उसने अपने छोटे भाई नरेन्द्र पटेल 25 वर्ष को कपड़े की दुकान में बैठाया और वह घर चला गया। करीब 11 बजे 5-6 लोग आए और उसके भाई नरेन्द्र को जबरन अपने साथ ले गए। आरोपी नरेन्द्र को बबली राजा के फार्म हाउस ले गए यहां उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसे वापस बबली राजा के फोरलेन पर स्थित ढाबा ले गए। नरेन्द्र की लोहे की रॉड से मारपीट की गई। इतना ही नहीं उमाशंकर के मुताबिक उसके ऊपर बाईक चढ़ाई गई। नरेन्द्र का अपहरण किए जाने की जानकारी लगने पर उमाशंकर ने सिविल लाइन थाना प्रभारी को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल जाकर घायल युवक को अस्पताल भिजवाया और आरोपी उपेन्द्र सिंह बुन्देला, भगवान सिंह बुन्देला, विश्वजीत सिंह बुन्देला, सतेन्द्र सिंह बुन्देला व आयुष बुन्देला के खिलाफ मामला कायम किया है। उमाशंकर के मुताबिक आरोपियों का कहना है कि एक दिन पहले शराब दुकान के सेल्समैन को गोली मारी गई थी इसलिए गठेवरा के किसी भी पटेल को बख्शा नहीं जाएगा।

